## स्वच्छता मिशन के डस्टबिन लगाने के दौरान देखने मिल चुकी है लापरवाही

# डोब पंचायत में सड़क पर पुलिया बनाने वाले सचिव पर कार्रवाई से कतरा रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

ग्राम पंचायत डोब सचिव जिन्हें जनपद से लेकर जिला पंचायत तक के अधिकारियों का शायद संरक्षण प्राप्त है। ऐसी इसलिए चर्चा है कि राजनैतिक संरक्षण एवं ऊंची पहुंच के दम पर अपने आप को पंचायत अधिनियम से ऊपर मानकर ग्राम पंचायत को निजी कंपनी की तरह संचालित कर रहे हैं और शासन के मापदंड के विपरीत कार्य करने के जैसे आदि हो चुके हैं, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण पिछले दिनों स्वच्छता अभियान के तहत देखने में आया कि स्वच्छता मिशन के तहत खरीदे गए डस्टबिन एक वर्ष तक नहीं लगाया जाना उनका रसूख उनको सबसे ऊपर अपने आप रखता है। इससे यही सिद्ध हुआ कि स्वच्छता जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम में भी उनकी मनमानी साफ देखने मिली। अब एक नजर उनके द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों में डाली जाए तो उसमें भी व्यापक पैमाने पर धांधली करवाकर निर्माण कार्य में जमकर शासकीय धन की लूटपाट मचाई गई है, उनमें कुछ उदाहरण है जिनका उल्लेख किया जाना जरूरी है। खमडोर प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी के पास मनरेगा योजना से बनाई गई पुलिया उनके भ्रष्टाचार की एक मिशाल है क्योंकि ना कोई गांव ना कोई ढाना फिर भी इन्होंने 15 लाख की



पुलिया सिर्फ भ्रष्टाचार की गरज से बना डाली। इसी तरह सांसद, विधायक, जनपद, खनिज पांचवें वित्त, की मूलभूत मद, से कराए गए निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है, उनके भ्रष्टाचार का जीता जागता उदाहरण इसी ग्राम पंचायत के ग्राम जमुनिया के मडका डोरा ढाना में ना नदी ना नाला बीच सड़क पर एक पुलिया निर्माण भरी बरसात में चल रहा है। सिर्फ इसलिए कि इसमें उनका आर्थिक लालच जो है। बजाए ग्रामीणों के हित के इस पुलिया निर्माण में उन्हें तकनीकी मापदंड के अनुसार 2 मीटर तक उसकी नींव खोदी जानी चाहिए थी लेकिन उन्होंने मात्र 20 सेंटीमीटर नीब खोदकर खुदाई की रस्म अदायगी कर कंक्रीट कर डाली जो निर्माण स्थल पर वर्तमान में खोदकर देखी जा सकता है कि पुलिया में कांक्रीट के नाम पर आर्थिक लालच के चक्कर में गुणवत्ता को दरकिनार कर दिया गया। इस निर्माण की खास बात यह है कि तकनीकी अमला आखिर क्यों इस पुलिया निर्माण से पूरी तरे अनजान है तो समझा जा सकता है कि सचिव कितना रसूख रखता है। उनके भ्रष्टाचार की ये पुलिया मिशाल है। यदि पंचायत में कराए गए पिछले दो वर्ष के निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन एवं उद्देश्य की जांच करेंगे तो इनकी मनमानी उजागर होगी, लेकिन समस्या यह है कि सचिव के आगे सारे अधिकारी अपने आप को या तो असहाय मानते हैं या फिर डोब सचिव के कमीशन के बोझ तले दबे हुए हैं।

इस बात का इसको बल मिलता है कि स्वच्छता जैसे कार्यक्रम में भी कोताही बरतने के बावजूद उनके खिलाफ कार्रवाई करने का साहस जनपद एवं जिला पंचायत नहीं जुटा पायी तो वह सड़क पर बना रही पुलिया निर्माण की जांच कैसे करेगी। यदि करती है तो पता चलेगा कि इसका एस्टीमेट एवं तकनीकी स्वीकृति कब दी गई एवं किस मद से यह पुलिया निर्माण करवाई जा रही है, उसका भी पता चल सकेगा लेकिन वरषो से अपनी पंचायत को मनमाने तरीके से पंचायत का संचालन करने वाले सचिव के खिलाफ अपने आप को जांच के योग्य साबित कर कार्रवाई करेंगे कम से कम ऐसी उम्मीद इस पंचायत के ग्रामीणों को है।

## न्यूटन पेंच नदी गुलाई पर हुआ सड़क हादसा

# कार-बाइक की टक्कर, युवक-युवती घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



तामिया मार्ग न्यूटन पेंच नदी गुलाई के ऊपर पेंच नदी मोहल्ला के पास बाइक और कार की भिड़ंत होने से बाइक में सवार युवक - युवती को चोट आई है। जिन्हें दुर्घटना में शामिल कार में बैठा कर अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार कार क्रमांक एम एच 31 एफ आर 5551 तामिया से परासिया की ओर जा रही थी, विपरीत दिशा से बाइक क्रमांक एमपी 28 जेड बी 8932 से बरारीपुरा छिंदवाड़ा निवासी 24 वर्षीय प्रवीण बानवंशी और 22 वर्षीय शिवानी उइके तामिया की ओर जा रहे थे पेज नदी के ऊपर एक ढाबे के समीप कर से जोरदार टक्कर हो गई जिससे प्रवीण के घुटने में गंभीर चोट आई है। वहीं शिवानी को भी चोट लगी है मौके पर मौजूद स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और जिस कार से टक्कर हुई उसी कार में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।



# बाघ के दीदार का अंतिम दिन आज

## मानसून के चलते जुलाई, अगस्त, सितंबर बंद रहेगा पेंच नेशनल पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मानसून के दौरान पार्क में पानी अधिकता और वन्य जीवों के आवागमन और सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक जुलाई से आगामी तीन माह तक पेंच नेशनल पार्क के गेट बंद किए जाएंगे।

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा और सिवनी जिले के बीच स्थित पेंच नेशनल पार्क का कोर एरिया आज 30 जून से मानसून सत्र के चलते बंद हो जाएगा और आने वाले 3 महीने तक बंद रहेगा। इस दौरान पर्यटक पार्क में प्रवेश नहीं कर पाएंगे साथ ही उन्हें शेर, बघीरा और वन्यजीवों के दीदार से वंचित रहना पड़ेगा हर वर्ष की तरह इस बार भी जुलाई अगस्त और सितंबर में कोर एरिया में पर्यटकों की आवाजाही बंद रहेगी।

पार्क प्रबंधन का कहना है कि यह निर्णय पार्क में बने जीवों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास को बनाए रखने के लिए दिया गया है। मानसून के दौरान पार्क में पानी की अधिकता पर वन्य जीवों के आवागमन को देखते हुए निर्णय लिया जाए। पेंच



टाइगर रिजर्व का कोर एरिया 3 महीने के लिए बंद रहेगा। ऐसे में जिन लोगों ने अभी तक पेंच की सैर नहीं की है उनके पास वन्य जीवों के दीदार के लिए आज अंतिम दिन है।

पर्यटकों के लिए बफर जोन में जंगल की खूबसूरती देखने का विकल्प खुला रहेगा सिर्फ जंगल ट्रेकिंग रूप पर प्रोटेक्ट प्राकृतिक सौंदर्य का दर्शन कर सकेंगे। इस टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह ने बताया कि कोर एरिया भले ही बंद हो रहा है लेकिन जंगल की सुरक्षा में कोई कमी नहीं रहेगी। वन विभाग की टीम सघन गश्त करेगी। वन्यजीव की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। मानसून के दौरान पार्क में वन्य जीव की संरक्षण को प्राथमिकता दी जाएगी। बरसात के दिन में पार्क में पानी की अधिक होने के कारण पार्क 1 अक्टूबर से खुलेगा। छिंदवाड़ा के पेंच टाइजर रिजर्व के अधिकारियों ने बताया कि शेर और बघीरा को कुछ समय के लिए अलग रखा जाएगा। उनके स्वास्थ्य की जांच की जाएगी साथ ही वन्य जीवों के संरक्षण को प्राथमिकता दी जाएगी।

3 महीने बाद शेर और बघीरा फिर से दर्शकों के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। जब मानसून का मौसम समाप्त हो जाएगा और पार्क में पर्यटकों के लिए वन्य जीवों का दीदार फिर से संभव होगा।

# 44 बूथों पर मन की बात का देखा 123वां प्रसारण

## मन की बात में देश के विभिन्न जिलों में सामान्य व्यक्तियों के असाधारण कार्यों को बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

भाजपा नगर मंडल ने भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 123 वां संस्करण नजरपुर बूथ नंबर 226 भाजपा नेता सुधीर तिवारी के निवास पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी एवं बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता के साथ देखा।

कार्यक्रम उपरान्त भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी एवं मन की बात केमंडल प्रभारी मयंक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता, देश-विदेश में बने कीर्तिमानों और आपातकाल के




दौरान लोकतंत्र की हत्या जैसे काले अध्याय पर उन्होंने अपने विचार साझा किए साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रेकोमा मुक्त देश घोषित किया है और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की रिपोर्ट के अनुसार भारत की 64% आबादी को सरकार की किसी ना किसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यह वास्तव में भारत में मोदी सरकार द्वारा सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में उठाए गए ठोस कदमों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात में देश के विभिन्न जिलों में सामान्य व्यक्तियों के असाधारण कार्यों को बताते हैं, जिससे नवाचार का प्रचार प्रसार होता है। इन नवाचारों की जानकारी से लोगों को ऐसे नवाचार करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यही प्रेरणा विकसित भारत की संकल्पना को साकार करेगी।इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव के सभी पदाधिकारी वरिष्ठ भाजपा नेतागण मन की बात मंडल के प्रभारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने भाजपा कार्यालय में मन की बात का 123 वां प्रसारण देखा

**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 123 वां संस्करण जिला भाजपा कार्यालय में देखा।कार्यक्रम उपरान्त भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता, देश-विदेश में बने कीर्तिमानों और आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की हत्या जैसे काले अध्याय पर उन्होंने अपने विचार साझा किए साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रेकोमा मुक्त देश घोषित किया है और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की रिपोर्ट के अनुसार भारत की 64% आबादी को सरकार की किसी ना किसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यह वास्तव में भारत में मोदी सरकार द्वारा सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में उठाए गए ठोस कदमों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात में देश के विभिन्न जिलों में सामान्य व्यक्तियों के असाधारण कार्यों को बताते हैं, जिससे नवाचार का प्रचार प्रसार होता है। इन नवाचारों की जानकारी से लोगों को ऐसे नवाचार करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यही प्रेरणा विकसित भारत की संकल्पना को साकार करेगी।

# शहर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की रही धूम



**पांढुर्णा।** आज शाम को यहां शंकरनगर से निकली श्रीजगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई। बताया जाता है महारानी गुंडीचा को भगवान श्री जगन्नाथ ने प्रत्येक वर्ष घर आने का वचन दिया था। अपने इसी वचन को पूरा करने के लिए भगवान जगन्नाथ, बलदेवजी और सुभद्रा माता रथयात्रा के माध्यम से गुंडीचा मंदिर में जाते है जहां उनकी मौसी मां गुंडीचा निवास करती है। बताया जाता है कि यहां भगवान जगन्नाथ कुछ दिन निवास करते है। रथयात्रा के दौरान भक्तजनों से रथ की रस्सियां खींचकर आशिर्वाद ग्रहण करने निवेदन किया जाता रहा। इस रथयात्रा के माध्यम से भगवान श्री जगन्नाथ अपने भक्तों को दर्शन देते है। आज पांढुर्ना के शंकर नगर से निकली भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा पंचशील चौक, छत्रपति शिवाजी चौक, तीनशेर चौक होते हुए शांतिनिकेत जाकर समाप्त हुई। भगवान श्री जगन्नाथ की इस रथयात्रा को शहरवासियों ने जोरदार प्रतिसाद दिया।

# सांसद की पदयात्रा पहुंची पांढुर्ना

**पांढुर्ना ।** गत 26 जून को सांसद कार्यालय छिंदवाडा से दादाजी दरबार खंडवा के लिए पदयात्रा करते हुए निकले क्षेत्रीय सांसद बंटी उर्फ विवेक ने साहू आज शाम 5 बजे नगर में प्रवेश में किया। हालांकि पांढुर्ना के ग्रामीण क्षेत्र में सांसद महोदय का प्रवेश 27 जून को हो चुका था। आज ग्राम अंबाडा, मोरगोंदी, लेंढोरी, कामठीकला, उमरी, जुनेवानी, सावरगांव होते हुए सांसद बंटी और उनके समर्थक पांढुर्ना पहुंचे। यह पदयात्रा घनपेठ वार्ड, टेकडी वार्ड, गांधी वार्ड, हनुमंती वार्ड, गुजरी बाजार, श्रीराम मार्केट होते हुए लोनिवी विश्रामगृह के सामने से पंचशील चौक, छत्रपति शिवाजी चौक से तीन शेर चौक स्थित संत धूनिवाले दादाजी की टपरिया में पहुंची।

पूरे शहरभर में इस पदयात्रा के दौरान काफी लोग शामिल रहे और जगह जगह पर सांसद बंटी साहू पर फूलों की वर्षा की गई। अनेक स्थानों पर सांसद महोदय को शाल और श्रीफल प्रदान कर उनका सत्कार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज संत धूनिवाले दादाजी की टपरिया में सांसद बंटी साहू का विश्राम है और कल सुबह तडके पदयात्रा आगे के लिए रवाना होगी।

### चंदनगांव में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ

**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रति शनिवार को लोगों के बुलावे पर निः शुल्क संगीतमय सुंदरकाण्ड का महापाठ किया जाता है साथ सामाजिक कार्य भी किये जाते है और ग्रुप द्वारा सुंदरकांड के साथ साथ राम नाप जाप धुन प्रभात फेरी द्वारा भी लोगो को धर्म से जोडा जाता है साथ ही ग्रुप ने रामनवमी में ऐतिहासिक रामजन्मोत्सव एवं नगर सहित संपूर्ण जिले के आसपास के साथ साथ सम्पूर्ण प्रदेश में भी अपनी एक अलग ही पहचान बनायी है । इसी क्रम में ग्रुप द्वारा श्री महेंद्र खरे जी के निजनिवास-वानखेड़े भवन के पीछे,गली नम्बर 6,चंदनगाँव,छिन्दवाड़ा,जिला छिन्दवाडा मध्यप्रदेश में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,उमेश वंशकार,जितू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,मैउयर गोशामी,दिलीप चौधरी,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर,पप्पू वंदेवार,बलराम वंदेवार,आदेश मिश्रा,दुर्गेश चंदेल,गौरव-सौरव मर्सकोले,मनोहर रघुवंशी मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन मंगल भवन का किया निरीक्षण

## भाजपा कार्यकर्ता सहित वार्डवासी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

वार्ड क्रमांक 8 में निर्माणाधीन मंगल भवन का नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपील समिति के सदस्य पार्षद संजय जैन, वार्ड पार्षद प्रमोद बंदेवार, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि अरविंद परिहार सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी भी मौजूद थे।निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्री सालोडे ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की और अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीएमओ श्रीमती धुर्वे ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और भवन के नक्शे के अनुसार कार्य को सुनिश्चित करने की बात कही। अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन वार्ड पार्षद प्रमोद बंदेवार ने बताया कि मंगल भवन के निर्माण से स्थानीय नागरिकों को विवाह, सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक उपयुक्त स्थल मिलेगा।



### पुलिया क्षतिग्रस्त होने के पर नपा ने तत्काल पाइप डलवाया

**जुन्नारदेव :** वार्ड नंबर 12 में पुलिया टूटने साथ ही वार्ड वासियों को हो रही समस्या के निराकरण हेतु नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, सीएमओ नेहा धुर्वे, अपील समिति सदस्य संजय जैन सभापति पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी और पार्षदों ने मिलकर वार्ड का निरीक्षण किया ।तथा भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया। यह चंद्रशेखर स्कूल के सामने कन्या परिषद के पास की पुलिया भारी वाहनों से क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण नगर पालिका ने उसमें तत्काल पाइप डलवा कर आवागमन प्रारंभ करवाया । नगर पालिका ने भारी वाहनों पर रोक लगाई । ज्ञात रहे कि मुख्य रोड बंद होने के कारण भारी वाहनों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है

इस दौरान नागरिकों ने भी अपनी सुझाव और आवश्यकताओं से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। निरीक्षण के समय भाजपा नेता देवेंद्र टांडेकर विजयपाल राहुल नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और पारदर्शिता के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।

## अपराधियों को पकड़ने के लिए छिन्दवाड़ा पुलिस ने चलाया कॉम्बिंग ऑपरेशन

# पुलिस ने एक ही रात में 117 वारंटियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

धरपकड़ व अवैध कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों / अपराधियों तथा अपराधों पर अंकुश लगाने व जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने व आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के द्वारा विशेष ऑपरेशन चलाकर निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश पर छिंदवाड़ा में 28-29 जून को रात्रि में शहर व देहात के थाना क्षेत्रो पर कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान कॉम्बिंग गस्त अनुभागवार पुलिस बल को अलग–अलग स्थानो पर एकत्रित किया जाकर



राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को ब्रीफ किया गया उसके बाद अलग–अलग क्षेत्रो में कॉम्बिंग गस्त के लिये रवाना किया गया।

पुलिस टीम द्वारा स्थायी/गिरफ्तारी वारंटियो की धरपकड़ हेतु प्रत्येक थाने में अलग-अलग पुलिस टीम तैयार कर वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तकनीकी शाखा (सायबर सेल) के सहयोग एवं नाकाबंदी / दबिश देकर एक ही रात्रि में औचक नाईट काम्बिंग ऑपरेशन चलाकर 24 स्थायी व 93 गिरफ्तारी, इस प्रकार कुल 117 वारंटियो को दबिश / घेराबंदी / नाकाबंदी कर गिरफ्तार किया गया , सभी गिरफ्तारशुदा वारंटियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता हैं ।जिलें में सर्वाधिक वारंट की तामीली के क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अजय राणा के नेतृत्व में थाना कोतवाली द्वारा कांबिग गस्त के दौरान लगातार टीम गठित कर सर्वाधिक वारंट तामील किया गया, जिसमें 02 स्थायी व 15 गिरफ्तारी, कुल 17 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अमरवाडा रविन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में थाना अमरवाड़ा में 03 स्थायी व 08 गिरफ्तारी, कुल 11 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई श्रीमति भारती जाट के नेतृत्व में थाना चौरई द्वारा गठित टीम ने 01 स्थायी व 13 गिरफ्तारी, कुल 14 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वाधिक वारंट तामीली एवं स्थायी वारंट तामील करने वाली पुलिस टीम को पुरुष्कृत करने की घोषणा की गई हैं।

Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
Serving Edu. for the Past 25 Year
M.Sc. CS
DCA/PGDCA
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A.
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara Mob.- 9752880383,9753304877, 7898075114

## ग्रामीण युवाओं ने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# व्हाट्सएप्प पर कमेंट्स के चलते हुई मारपीट, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया

न्यूटन पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरारिया में दो पक्षों के बीच व्हाट्स एप्प पर कमैंट्स को लेकर मारपीट होने का मामला सामने आया है। जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षो पर मामला दर्ज किया । इसी मामले में एक पक्ष ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर ग्राम के सरपंच और उनके पुत्र के खिलाफ शिकायत की है ।

ग्राम पंचायत बाररिया में रहने वाले पवन डेहरिया ने न्यूटन पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई , कि जब वह रविवार सुबह अपने खेत से आ रहा था तब ग्राम सरपंच मोहन कहार के पुत्र किशन कहार ने उसके साथ मारपीट की । इसके उलट किशन कहार की पत्नी आराधना ने पुलिस से शिकायत की , कि पवन डेहरिया और उसके साथियों ने मिलकर उसके और उसके पति किशन के साथ मारपीट की।



पुलिस ने पीडितों का मुलाहेजा कराने के बाद पवन की शिकायत पर किशन और आराधना पर एससी ऐसटी एक्ट सहित अन्य मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। वहीं आराधना की शिकायत पर पवन डेहरिया , हित राय और महेंद्र तिवारी के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है ।

### एसडीएम के नाम ज्ञापन

सुबह मारपीट की घटना होने के बाद ग्राम बरारिया के युवाओं के द्वारा एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया , जिसमें अवगत कराया गया कि , सरपंच मोहन कहार और उनके पुत्र किशन कहार के द्वारा पवन के साथ मारपीट की गई और किशन ने अपनी पत्नी को आगे कर पुलिस में झूठी शिकायत दर्ज कराई है । इन्हीं के द्वारा ग्राम की एक सरकारी भूमि पर अवैध कब्ज़ा कर दुकान बनाई गई है । जहां से अवैध व्यवसाय को अंजाम दिया जा रहा है ।

### क्या है पूरा मामला

दरअसल बरारिया सरकारी स्कूल के समीप पवन का खेत है । वहीं एक अन्य किसान का भी खेत है । इन किसानों ने खेत में बरसात का पानी न घुसे इसके लिए मिट्टी की मेढ़ बनाई है । जिसके चलते स्कूल जाने के रास्ते में बरसात का पानी भर जा रहा है । जिसकी निकासी को लेकर सरपंच ने खेत से पानी निकासी की व्यवस्था बनाने को लेकर और मिट्टी बंधान हटाने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया था । वहीं किसानों का कहना है , कि सरपंच को निकासी के लिए स्थाई नाली बनाना चाहिए और नाली नहीं बनने तक उनके खेत के किनारे से अस्थाई निकासी बनाने वे तैयार हैं । इसी मामले में अखबारों में खबरें प्रकाशित होने के बाद मारपीट करने वाले पक्षों की वहाट्स एप्प पर कमेंटबाजी होने लगी जिसने झगड़े का रूप ले लिया ।

# मोहर्रम ताजिया को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

आगामी समय में संपन्न होने वाले त्योहारों को लेकर सौसर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई है।शांति समिति की बैठक में मोहर्रम एवं ताजिया पर्व को लेकर चर्चा की गई है।बैठक में मुख्य रूप से सौसर डी.एस.पी डी.हि नागर, तहसीलदार भावना मलगाम,सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उइके आदि थे।बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी श्री नागर ने कहा शासन से मिली गाइडलाइन के अनुसार संपूर्ण त्यौहार को हमें भाईचारे प्रेम के साथ में मानना है। साथ ही सभी त्योहारों को लेकर शासन की ओर से गाइडलाइन आई है, उस गाइडलाइन के अंतर्गत हमें सभी त्यौहारों को मानना है। बैठक के दौरान आयोजन को सफलता एवं शांतिपूर्ण रूप से मनाने को लेकर निर्देश दिए गए इस दौरान बैठक में बड़ी संख्या में विभिन्न समुदाय के लोग एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# भाजपा कर रही है गांव-गांव का विकासः मोहोड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

ग्राम बानाबाकोडा में रविवार को सामुदायिक भवन में किचन कक्ष और मीटर घर का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। ग्रामीणों के द्वारा यहां पर लंबे समय से सामुदायिक भवन एवं किचन कक्ष निर्माण की मांग की जा रही थी जिसे भाजपा सरकार के प्रयासों से पूरा किया जा रहा है,सामुदायिक भवन का निर्माण होने के बाद में ग्राम में होने वाले छोटे-बड़े कार्यक्रमों का आयोजन इस भवन में होगा।जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ ने कहा की भाजपा सरकार निरंतर ग्रामीण क्षेत्र का विकास वही उद्देश्य को लेकर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सामुदायिक भवन अस्पताल आंगनबाड़ी किचन कक्ष आदि का निर्माण किया जा रहा है। हम सभी ने मिलकर बीजेपी सरकार की जनकल्याणकारी विचारधारा और जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करते हुए जरूरतमंदों को इसका लाभ दिलाना चाहिए।इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मोरेश्वर मर्सकोले,सरपंच श्रीमती रशिका बेन्डे,सदानंद डोंगरे, रामराव बेंन्डे शंकर निंबुरकर,शाताराम बेंडे,मोरेश्वर बेंन्डे, शेषराव राउत,हरीहर डोंगरे,श्रीमती कल्पना डहाके,जीवंधर बेन्डे, प्रदीप माहेश्वरी, प्रेमराज कोठे, पंढरी जूनघरे,दिलीप ठाकरे,रामदास बेन्डे, ज्ञानेश्वर इवनाती,केशव पापडकर, देवीदास बेन्डे,शांताराम डहाके, जगदीश सकरड़ेसुधाकर काले,धर्मेंद्र घाघरे,सागर बेन्डे, आशीष बेन्डे,संतोष डोंगरे,आदि थे।

# अतिक्रमण हटाए ताकि बन सके अच्छी सड़कः आशीष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया

परासिया वार्ड 9 के पार्षद आशीष जायसवाल नेहनुमान मंदिर चौकी मोहल्ले के लोगों से अतिक्रमण हटाने की अपील की है । ताकि सड़क अच्छी बन सके । हनुमान मंदिर चौकी मोहल्ला वाली गली में शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य चालू होने वाला है । जिसको लेकर वार्ड के पार्षद आशीष जायसवाल के द्वारा वहां की जनता से निवेदन किया कि वह अपने अतिक्रमण तोड़ने में सहयोग करें । श्री जायसवाल का कहना है , कि एक बार सड़क बनने के बाद लंबे समय तक सड़क निर्माण नहीं होता । अतिक्रमण के चलते सड़क निर्माण सही नहीं हो पाता है , बाद में परेशानी होती है । उन्होंने कहा , कि उन्हें जन सहयोग मिला जिससे यहां रोड निर्माण कार्य संभव हो सका है । श्री जायसवाल ने बताया , कि यहां आज से 2 वर्ष पूर्व जो बारिश हुई थी , भारी वर्षा के कारण यह क्षेत्र डूब चुका था । पानी निकलने की कोई व्यवस्था नहीं थी जिससे पानी उनके घरों में घुसा और वहां की जनता का काफी नुकसान हुआ था । उन्होंने सड़क निर्माण में जनसेवक की अपील की है ।

# समाजसेवियों ने की बेटी के विवाह के लिए मदद



**सौंसर।** ग्राम पंचायत बोरगांव में सामाजिक पहल करते हुए ग्राम के गण मान्यों द्वारा निर्धन परिवार की बच्ची की शादी हेतू अपना उत्तरदायित्व समझते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया है।ग्राम जामलापानी निवासी शोभा बाई धुर्वे की पुत्री की शादी हेतु गुलाबराव ताजने जन स्वास्थ्य सेवा समिति अध्यक्ष समाजसेवी मोहन ताजने,जनपद सदस्य डॉ गमे, सरपंच पंकज श्रीपत दातरकर, उपसरपंच घनश्याम कालबांडे,वामन ठोंबरे जी, पुरषोत्तम काकडे, राहुल बंसोड,रविप्रकाश सिंह, ज्ञानेश्वर परिहार,सुनिल जुनघरे, गोविन्द पुसदेकर, प्रदीप कालबांडे, प्रदीप शहाणे, सचिव कमलाकर बोबडे,रोशन कडबे,सत्तार मोहब्बे, महेंद्र काकडे, नरेंद्र राजुरकर ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इसमें विशेष योगदान सुनिल जुनघरे, गोविन्द पुसदेकर, एवं रोशन कडबे का रहा है।निश्चित ही ऐसी पहल से सामाजिक सरोकार को बढ़ावा मिलेगा एवं इससे लोग प्रेरित होकर निर्धन और असहाय लोगों की सेवा करें। आगामी 2 जुलाई बुधवार को ग्राम जामलापानी में इस बच्ची का विवाह होने जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा शादी के लिए किया इस सहयोग को लेकर सहयोगियों की क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है।

# नगर परिषद कर्मचारी ने खाली प्लाट में डाली मिट्टी, हो रहा जलभराव





कटंगी।

कटंगी से लालबर्रा मुख्य सड़क मार्ग पर शिवम कॉलेज के ठीक बगल से बहने वाले नाले के पास नगर परिषद कर्मचारी दिनेश धानेश्वर ने अपने खाली प्लाट में मिट्टी डाल दी है. जिस कारण हल्की सी बारिश होने के बाद मिट्टी नाली में जमा हो रही है. जिससे बारिश के पानी की निकासी प्रभावित हो रही है और सुधीर श्रीवास के मकान में जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही है. रविवार को सुधीर श्रीवास ने जलभराव होने की शिकायत करते हुए बताया कि उन्होंने कई बार नगर परिषद में शिकायत की लेकिन नगर परिषद के अधिकारी अपने कर्मचारी को बचाने और उसकी करतूत छिपाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है. वहीं इस पूरे में मामले में जब सीएमओ राधेश्याम चौधरी से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने सोमवार को मौका स्थल देखने का भरोसा दिया है. गौरतलब हो कि अगर लगातार बारिश होते रही तो सुधीर श्रीवास के घर के भीतर तक पानी घुस जाएगा. फिलहाल तो नगर परिषद ने सुधीर श्रीवास की शिकायत पर कुछ कर्मचारियों को भेजकर नाली से मिट्टी हटाई है.

सुधीर श्रीवास ने बताया कि दिनेश धानेश्वर स्वयं को सीएमओ बताते है. इस कारण कार्रवाई नहीं हो रही है. ज्ञात रहे कि गत दिनों दिनेश धानेश्वर के पास सीएमओ पद का प्रभार था. सुधीर श्रीवास ने यह भी आरोप लगाया कि नाली निर्माण के एवज में दिनेश धानेश्वर ने 30 हजार रुपए की मांग की थी. खैर, इस आरोप में कितनी सच्चाई है इसकी हमारे द्वारा पुष्टि नहीं की जा सकती लेकिन दिनेश धानेश्वर ने अपने खाली प्लाट में जो मिट्टी डलवाई है वह बारिश के बाद बहकर नाली में जमा हो रही है जिससे जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही है. यह सच्चाई है और इस समस्या से निपटने के लिए नगर परिषद ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए यह एक कड़वा सच है. जबकि कलेक्टर लगातार बैठकों में बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था बनाने के अधिकारियों को निर्देश दे रहे है.

# रेत चोरों के हौसले बुलंद...रेत चोरी के लिए सराठी नदी तक जेसीबी से बना दी रोड.

### पनबिहरी से गुजरने वाली सराटी नदी को रेत माफिया कर रहे तबाह

### प्रतिदिन हो रही रेत की चोरी.. क्या कर रहे हैं हल्का पटवारी और जिम्मेदार अधिकारी..

हरिभूमि न्यूज़ लालबर्रा।

रेत चोरों के इतने हौसले बुलंद है कि उन्होंने पनबिहरी से गुजरने वाली सराठी नदी से रेत चोरी और ट्रैक्टरों से परिवहन करने रविवार को दिनदहाड़े जेसीबी मशीन से कच्ची सड़क बना दी शासकीय भूमि पर जेसीबी मशीन को चलता देख मौके पर ग्रामीण के पहुंचते ही जेसीबी वाला नौ दो ग्यारह हो गया।

पनबिहरी के ग्रामीणों ने बताया कि बीते कई महीनो से पनबिहरी स्थित मोक्ष धाम के आजू-बाजू से भारी पैमाने पर रेत और मिट्टी का खनन होता आ रहा है जिससे सराटी नदी का स्वरूप बिगड़ता दिखाई दे रहा है पर कोई भी जिम्मेदार शासन को पहुंच रहे नुकसान के लिए अपनी जवाबदेही निभाने में अक्षम सा नजर आ रहा है जिससे खनन माफियाओ के हौसले बुलंद है और प्रतिदिन दिन से लेकर रात तक वह रेत के अवैध उत्खनन को अंजाम देने में लगे हुए हैं। बावजूद इसके भारी पैमाने पर हो रहे पनबिहरी से गुजरने वाली सराटी नदी से रेत के अवैध उत्खनन पर प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है। देखना यह होगा कि जिम्मेदार विभाग पनबिहरी से गुजरने वाली सराटी नदी से हो रहे भारी पैमाने पर रेत के अवैध उत्खनन पर रेत माफियाओ पर कब कानूनी शिकंजा कसता है।

## मैंगनीज के लिए प्रसिद्ध तिरोड़ी को मिली केंद्रीय विद्यालय की सौगात

**बालाघाट** केंद्र सरकार द्वारा बालाघाट जिले के तिरोड़ी को केंद्रीय विद्यालय की सौगात दी गई है। बालाघाट जिले के तहसील मुख्यालय तिरोड़ी में सत्र 2025-26 से केंद्रीय विद्यालय प्रारंभ किया जा रहा है। तिरोड़ी के केंद्रीय विद्यालय में 01 से 05 तक की कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया 30 जून 2025 से प्रारंभ की जा रही है। केंद्रीय विद्यालय तिरोड़ी के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय की शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 01 से 05 तक प्रवेश के लिए ऑफलाइन पंजीयन 30 जून 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है। प्रवेश के लिए पंजीयन 07 जुलाई को दोपहर 02 बजे तक किया जा सकता है । विद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीयन करने वाले आवेदक छात्र-छात्राओं की अस्थाई चयन सूची और प्रतीक्षा सूची 14 जुलाई को प्रातः 10 बजे विद्यालय में प्रदर्शित कर दी जाएगी और इसके साथ ही प्रवेश (एडमिशन) की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# नहलेसरा गांव में दहशत का माहौल, तेंदुए ने पालतू श्वान का किया शिकार

कटंगी।

वन परिक्षेत्र कटंगी और अरी रेंज के जंगल से सटे ग्राम नहलेसरा में वन्य प्राणी तेंदुए ने गांव के भीतर घुसकर जमकर उत्पात मचाया है. तेंदुए ने पालतू मवेशी गाय के बछड़े के शिकार की नाकाम कोशिश कर उसे घायल कर दिया जबकि एक पालतू श्वान का शिकार किया है. यह पूरी घटना शनिवार की देर रात करीब 10 बजे से साढ़े 10 बजे के बीच की है. इस दौरान गांव में बिजली गुल थी. अंधेरा का फायदा उठाकर तेंदुए ने गांव के भीतर दस्तक दी. वन्य प्राणी के गांव में घूसने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया और चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल नजर आया. सरपंच प्रतिनिधि विवेकानंद हरदे ने वन्य प्राणी तेंदुए के गांव में घुसने की सूचना तत्काल वन विभाग को दी. जिसके बाद रात्रि में ही वन रक्षक अतुल कंगाली नहलेसरा गांव पहुंचे. हालांकि उनके पहुंचने से पहले ही गांव के लोगों साहस दिखाते हुए शोरगुल किया तो वन्य प्राणी तेंदुए श्वान को लेकर जंगल की ओर भाग गया. वन विभाग ने पद चिन्ह के आधार पर तेंदुए की पुष्टि की है. वहीं ग्रामीणों ने तेंदुए को प्रत्यक्ष तौर पर देखा है. रविवार को नहलेसरा गांव के ग्रामीणों ने पूरी घटना की विस्तार से जानकारी दी. सरपंच प्रतिनिधि ने गांव में सड़क बत्ती कार्य की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि वन्य प्राणी गांव के भीतर प्रवेश ना करें.

नहलेसरा निवासी संगीता ने बताया कि शनिवार की रात्रि करीब 10 बजे जब पूरा परिवार खाना खाकर घर में सोने की तैयारी में था इसी वक्त तेंदुए ने उनके घर के पास बने मवेशियों को बांधने वाले कोटे में





आकर गाय के बछड़े की शिकार की कोशिश की मवेशी का शोर सुनकर जैसे ही वह घर से बाहर निकले तो तेंदुए भाग गया और गांव के भीतर चले गया. बछड़े का शिकार ना करने के बाद गांव के भीतर गए तेंदुए ने ओमकार राउत के घर के पालतू श्वान को उठा लिया. ओमकार ने बताया कि गांव में बिजली गुल थी करीब 10 बजे गांव में शोर सुनाई दिया शोर सुनकर वह घर से बाहर निकले तो उनके पिता ने बताया कि श्वान को तेंदुए उठाकर लेकर चले गया. उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी तेंदुए को गांव के नजदीक देखा गया है. जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई. वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और लगातार आतिशबाजी करने रहने की सलाह दी थी. गांव की महिला कासन बाई गज्जाम ने बताया कि तेंदुए को देखकर उन्होंने शोर मचाया जिसके बाद तेंदुआ गांव की भीतर चले गया. उन्होंने बताया कि गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है.

सरपंच प्रतिनिधि विवेकानंद हरदे ने बताया कि आए दिन वन्य प्राणी तेंदुआ गांव की तरफ आ रहा है. गांव में सड़क बत्ती नहीं है. जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसर बिसेन ने अपने मद से गांव को सड़क बत्ती कार्य के लिए राशि प्रदान करने की स्वीकृति की कार्रवाई की है जिसकी फाइल जिला पंचायत कार्यालय में लंबित है. उनका कहना है कि अगर गांव में सड़क बत्ती होती तो शायद वन्य प्राणी गांव के भीतर प्रवेश ना करते. उन्होंने बताया कि वन विभाग लगातार ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे है. पंचायत स्तर से भी समय-समय पर ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए मुनादी कराई जाती है. विवेकानंद हरदे का कहना है कि इस वर्ष काफी बार वन्य प्राणी तेंदुए को गांव के आस-पास देखा जा रहा है जिससे किसी भी दिन जनहानि हो सकती है.

जानकारों का कहना है कि तेंदुओं के प्राकृतिक आवास छोटे होते जा रहे हैं, और वे भोजन व पानी की तलाश में गांवों की ओर बढ़ते जा रहे है. बीते कुछ समय से लगातार वन्य प्राणियों को आबादी के नजदीक तक देखा गया है. जंगल में हिरण, नीलगाय, जंगली सुअर, खरगोश और अन्य शाकाहार वन्य प्राणियों की संख्या घटने से भी शिकारी वन्य प्राणी तेंदुए पालतू जानवरों या इंसानों को निशाना बनाने लगते हैं. कुड़वा, खैरलांजी, कछार जैसे गांवों में वन्य प्राणी बाघ के द्वारा इंसानी शिकार की घटनाएं इसका उदाहरण है.

**खबर संक्षेप**

## केवलारी पुलिस ने लंबे अरसे से फरार एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता (भा.पु.से.) द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को माननीय न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंट एवं गिरफ्तार वारंट तामील करने हेतु आदेशित गया गया हैं उक्त आदेश के पालन में एस.डी.ओ.पी. महोदय केवलारी के मार्गदर्शन में आज दिनांक 29/06/2025 को थाना केवलारी पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय डाँ गर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय जिला जबलपुर के प्रकरण क्र. एससी एनआईए 543/24 धारा 138 एनआई एक्ट में स्थायी वारंटी अनिल बघेल पिता हिम्मतसिंह बघेल उम्र 50 साल निवासी मलारी को 11.30 बजे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश करने रवाना किया गया हैं।

कोतवाली पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

# 52 तास के पत्ते सहित 9 जुआरी पकड़ाये

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जो के नेतृत्व में समय- समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा रेड कार्रवाई की जाती रही है. एएसपी गुरूदत्त शर्मा एवं सीएसपी पूजा पांडे के मार्गदर्शन में दिनांक 29/06/2025 को कोतवाली पुलिस द्वारा जुआरियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए बलसागर पार भैया कबाड़ी की दुकान के सामने से 09 जुआरियों को धर दबोचा।

मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दलसागर पार भैया कबाड़ी की दुकान के सामने कुछ लोग तांस के पत्तों पर रुपये पैसे का दाब लगाकर हार जीत का खेल खेल रहे हैं जो



थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर द्वारा अलग-अलग टीम गठित कर अलग-अलग स्थानों पर पेराबंदी कर दबिश देकर रेड़ कार्रवाई की गई। जिसमें 09 जुआरियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई। जिनके विरूध्द 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए अपराध कायम कर विवेचना में लिया।

पकड़े गये जुआरी मे 01. जनैद पिता जहीर खान उम्र 32 वर्ष निवासी हड्डी गोदाम सिवनी। 02. फैजान पिता सुभान खान उम्र 33 वर्ष निवासी साकिम काजी मोहल्ली सिवनी। 03. शोहेल खान पिता शहबउल्ला खान उम्र 35 वर्ष निवासी हड्डी गोदाम सिवनी। 04. शफीक उल्ला खान पिता मरदुन नबाव खान उम्र 28 वर्ष निवासी बस स्टेण्ड के पीछे सिवनी। 05. कलीम खान पिता सलीम खान उम्र 32 वर्ष निवासी बस स्टेण्ड के पीछे सिवनी। 06. अमीन पिता इशाक खान उम्र 37 वर्ष निवासी झिरिया मोहल्ला सिवनी। 07. नसीम खान पिता कलीम खान उम्र 28 वर्ष निवासी जनता नगर सिवनी। 08. प्रकाश मर्सकोले पिता हरिचंद उम्र 34 वर्ष निवासी हड्डी गोदाम सिवनी। 09. इलियाज खान पित्ता फैय्याज खान उम्र 28 वर्ष निवासी संजय वार्ड सिवनी। जप्तीः- 29020/-रुपये नकदी एवं 52 ताश के पत्ते।

उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर, उनि दयाराम शरणागत. प्र. आर. मनोज पाल, आर. महेन्द्र, सतीश, प्रदीप, फैव्याज, रविन्द्र, आभाष, विमल, शिशुपाल, अजेन्द्र, इरफान, की विशेष भूमिका रहीं।

# नपा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

नगर पालिका परिषद सिवनी में स्वास्थ्य विभाग सिवनी के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया शासन के द्वारा समस्त विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों व उनके परिजनों की जिनकी उम्र 30 वर्ष से अधिक है उनकी NAFLD, BP, Sugar, Hepatitis, HIV जांच हेतु शिविर आयोजित किया गया था जिसमें अध्यक्ष , मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित निकाय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शिविर के माध्यम से अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई शिविर में लगभग 70 से अधिक लोगो ने लाभ प्राप्त किया।





# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत लगातार आयोजित हो रहे शिविरों जनजातीय हितग्राहियों मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जनजातीय समुदाय के उत्थान और कल्याण को लेकर भारत सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। आयोजित शिविरों का उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य ग्रामों का समग्र विकास करना है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, आजीविका और मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शासन द्वारा सिवनी जिले के आठ विकास खंड के 275 ग्राम पंचायत के 397 ग्रामों को चिन्हित किया गया है सर्वे अनुसार जिले में 66800 जनजातीय परिवार, 256577 की जनसंख्या को चिन्हित किया गया, जिन्हें शासन की समस्त योजनाओं का लाभ देने के लिए शासन द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत प्रथम चरण 16 से 28 जून तक हुआ एवं द्वितीय चरण 29 जुलाई 2025 से आयोजित किया जाएगा जिसमें 29 जून को जिले के आठों विकासखंडों में योजना का द्वितीय शिविर आयोजित किए गए। जिसमे समस्त विकासखंड में योजना से संबंधित विभाग अपने स्तर पर शिविर का आयोजन कर में जनजातीय हितग्राहियों से पात्रतानुसार योजना के आवेदन लेकर उन्हें लाभांवित करने की कार्यवाही की जाएगी।

इन योजनाओं का मिल रहा लाभ- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, बीमा योजनाएं सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, पीएम मातृ वंदना योजना, आंगनवाडी सेवाएं और टीकाकरण जैसी अनेक योजनाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

# ई-अटेंडेंस व्यवस्था के विरोध में राज्य शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

राज्य शिक्षक संघ ने 28 जून को मध्य प्रदेश के समस्त विकासखंड स्तर पर ई अटेंडेंस योजना को प्रदेश के समस्त विभागों में एक साथ लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा हैं। राज्य शिक्षक संघ के जिला सचिव राकेश दुबे ने बताया की ई अटेंडेंस जैसी व्यवस्था थोप कर सरकार बार बार शिक्षकों को अपमानित कर रही हैं। एक तरफ नित नये नए प्रयोग करके शिक्षकों को विभिन्न कामो में लगाया जाता हैं। राज्य शिक्षक संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से आग्रह किया है कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखा जावे एवं जब तक अन्य विभागों में ई अटेंडेंस योजना प्रारंभ नहीं हो सकती तब तक शिक्षा विभाग में इसे स्थगित किया जाए। जिला मुख्यालय में तहसील दार नितिन कुमार चौधरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन सोपने वालों में पी डहेरियां, कमलेश परिहार, बृजमोहन सनोड़िया,राकेश दुबे,सुनील तिवारी, यज्ञवेन्द्र बघेल,रामकृष्ण दुबे, सुनील दुबे, सुनील राय कीर्ति दहेरियां कविता राय और शिक्षक की उपस्थिति रही।




# पंचायत उप निर्वाचन पूर्वार्द्ध का कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों की रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्द्ध का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

जारी कार्यक्रम अनुसार सिवनी जिलें की विभिन्न जनपदों में रिक्त 20 पंच एवं 1 सरपंच सीट के लिए मंगलवार 1 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन के साथ ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई प्रारंभ हो जाएगी। सीटों के आरक्षण संबंधी सूचना का प्रकाशन एवं मतदान केंद्र की सूची का प्रकाशन भी 1 जुलाई को किया जाएगा। जारी कार्यक्रम अनुसार नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 8 जुलाई निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्र की जांच 9 जुलाई को की जाएगी, अभ्यर्थियों से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 11 जुलाई निर्धारित है तथा 11 जुलाई को ही शेष अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। मंगलवार 22 जुलाई को प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक मतदान संपन्न होगा तथा मतगणना 26 जुलाई को होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित जनपद के तहसीलदार को रिटर्निंग नियुक्त किया है।

# आदेगांव पुलिस द्वारा भारी मात्रा अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब आरोपी के कब्जे जप्त कर मौके की कार्यवाही कर आरोपी को जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में दिनांक 27.06.25 को आदेगांव पुलिस द्वारा अवैध शराब अपराधी की धरपकड़ में आदेगांव पुलिस को मिली सफलता।

दिनांक 27.06.25 को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर ग्राम बीबी मुखबिर के बताये स्थान पर सूचना तस्दीक करने पर आरोपी अपने घर के पीछे आंगन में भारी मात्रा में हाथ अट्टी कच्ची महुआ की शराब को प्लास्टिक



कुप्पियो में भरकर विक्रय करने के लिए अपने कब्जे में रखे हुये था जिसे हिकमत अमली से घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी रसूल शाह ऊर्फ गुड्डू पिता मंगल शाह उम्र 40 साल नि. ग्राम बीबी थाना आदेगांव के कब्जे से 04 प्लास्टिक की कुप्पी में करीबन 57 नीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती 5700/-रू. जप्त कर मौके पर आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा उक्त शराब के संबंध में कोई वैध दस्तावेज/लाईसेंस ना होना बताने पर मौके पर आरोपी को विधिवत गिर. कर माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 149/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपीः रसूल शाह ऊर्फ गुड्डू पिता मंगल शाह उम्र 40 साल नि. ग्राम बीबी थाना आदेगांव कुल जप्ती 04 प्लास्टिक की सफेद रंग की कुप्पियो में भरी लगभग 57 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती 5700।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी उपनिरीक्षक पूजा चौकसे प्रभार ,अमर उईके प्र.आर. संतोष मर्सकोले मप्रआर., सिराजो खान आर. जयंपकाश उईके आर सरवन मरकाम आर संदीप उईके सै. महेश उईके विशेष भूमिका रही।

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के आदेशनुसार तहसील विधिक सेवा समिति लखनादौन के तत्वाधान में 29.06.25 को परियोजना लखनादौन जिला सिवनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से श्री ललित कुमार झा, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति लखनादौन जिला न्यायाधीश ने लखनादौन अंतर्गत सभी थाने के थाना प्रभारी एवं सह स्टाफ को मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत, केंद्रीय मोटरयान पांचवा संशोधन नियम 2022 एवं माननीय न्यायालय द्वारा गौहर मोहम्मद बनाम यूपीएसआरटीसी सिविल अपील नंबर 9322/2022, निर्णय दिनांक 15/12/2022 में दिए गए निर्देशों के संबंध में एवं नालसा एवं सालसा की योजनाएं के संबंध में विधि अनुसार जानकारी प्रदान की गई।

उक्त विधिक साक्षरता शिविर थाना प्रभारी पुलिस थाना लखनादौन तथा स्टॉफ, थाना प्रभारी पुलिस थाना धूमा एवं से स्टाफ, थाना प्रभारी पुलिस थाना आदेगांव एवं स्टॉफ पुलिस थाना कदरई, घंसौर, छपारा के अधिकारी कर्मचारी, संस्था में विधिक सेवा के कर्मचारी संजय उइके, पीएलवी श्री संतोष राय राय, श्री मनोज रजक उपस्थित रहे।





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के रानी दुर्गावती वार्ड में नगर पालिका द्वारा छिंदवाड़ा चौक के कुँए की साफ़सफाई।

# कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम एवं एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

आदर्श बीएड कॉलेज पलारी में आशीष भराडे पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के मुख्य अतिथि , आर के सोलंकी चेयरपर्सन आदर्श बीएड कॉलेज की अध्यक्षता, संजीव दीक्षित चौकी प्रभारी पलारी, प्रचार्य एसीएम बीएड कॉलेज सिवनी, श्रीमती ज्योत्सना अग्निहोत्री प्राचार्य विवेक ज्योति बीएड कॉलेज बालाघाट, यु टी बागड़े प्राचार्य



कॉलेज के विशिष्ट आतिथ्य में एक पेड़ मां के नाम थीम पर परिसर मे वृक्षारोपण कर हरित क्रांति का संदेश दिया। दिनांक 29 जून 2025 को आदर्श बीएड कॉलेज केंपस में एक पेड़ मां के नाम एवं कैरियर मार्गदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आदर्श बीएड कॉलेज में अध्यनरत 200 छात्र अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं को आशीष भराडे एसडीओपी ने एबीसीडी केटेगिरी चार्ट बनाकर प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं मे सम्मिलित होकर केरियर बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया।उन्होंने छात्र छात्राओं को समाईस दी कि अपने स्वभाव ओर जिज्ञासा के विपरीत जाकर भविष्य ना तलाशे ,लक्ष्य को भविष्य मानकर तैयारी करे,निश्चित ही सफलता हाथ मे रहती है,हमारी इच्छा व्यापार करने को कहती हो तो दफन ना करे योग्यता अनुरूप सेक्टर चुने।इस अवसर पर 200 छात्र-छात्राओं अध्यापकों के साथ कॉलेज के सुनील पाटस्कर,अनिल सोलंकी, विशाल साहू, अजीत दुबे, श्रीमति अनीता चौहान, कुमारी श्रृद्धा मेम, कुमारी पुनम मेम की सहभागिता रही ।

# जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा ढोल बाजे के साथ निकाली गई एवं धूमधाम से संपन्न हुई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को भगवान जगन्नाथ स्वामी के धाम जगन्नाथ पुरी सहित पूरे देश में रथ यात्रा निकाली जाती है। इसी क्रम में आज दिनांक 27 जून को सिवनी नगर के सुभाष वार्ड में स्वर्गीय सेठ भोपत राव पवार द्वारा स्थापित जगन्नाथ स्वामी के मंदिर से पूजन पाठ करने के उपरांत शाम 5:00 बजे ढोल बाजे एवं बड़ी मात्रा में उपस्थित भक्तजनों के साथ रथ यात्रा निकाली गई।

सबसे पहले बंदनवारों से सुसज्जित तीन पृथक पृथक रथों में क्रमशः भगवान जगन्नाथ स्वामी बलभद्र जी महाराज एवं माता सुभद्रा जी को विराजित किया गया। एवं रथ यात्रा अपने निर्धारित मार्ग से प्रस्थान हुई। रास्ते में जगह-जगह दोनों और उपस्थित श्रद्धालु जनों जिसमें की बड़ी मात्रा में माताओ की संख्या रही उनके द्वारा भगवान की पूजन अरचन एवं आरती उतारी गई।

रथ यात्रा सुनारी मोहल्ला होते हुए शुक्रवारी पहुंचने पर भाई अभिषेक मालू जी द्वारा सदैव की भांति शीतल पेयजल एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई।

रथ यात्रा के काली चौक पहुंचने पर पूर्व पार्षद श्री सुरेंद्र करोसिया एवं पूर्व पार्षद श्री नितिन मिश्रा जी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान का पूजन अर्चन किया।

बरघाट रोड में स्थित कर्मा भवन में जिला साहू समाज की ओर से भगवान का पूजन अर्जन किया गया एवं शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जगन्नाथ के भात के रूप में दाल चावल की व्यवस्था की गई।

विंध्यवासिनी मंदिर में भी बड़ी संख्या में उपस्थित माता बहनों ने भगवान का पूजन किया। तदोपरांत रथ यात्रा गणेश चौक एवं जैन मंदिर होते हुए शुक्रवारी बाजार पहुंची। यहां पर जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष श्री आलोक दुबे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री राजेश त्रिवेदी जिला प्रभारी एवं श्री प्रेम तिवारी ने अपने साथियों सहित भगवान का पूजन अर्चन किया। रथ यात्रा की दुर्गा चौक पहुंचने पर माता राजराजेश्वरी समिति के लोगों ने पंडित राजेंद्र पांडे जी की उपस्थिति में भगवान का पूजन अर्चन किया। तत्पश्चात यात्रा ढीमरी मोहल्ला छिंदवाड़ा चौक होते हुए बैनगंगा तट लखनवाड़ा में पहुंचकर संपन्न हुई। रथ यात्रा में प्रमुख रूप से मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक श्री सुनील राव पवार मंदिर के पुजारी श्री सतीश शुक्ला जी उर्फ छोटे सरकार जिला पंचायत सिवनी के पर्व अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चंदेल पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष श्री विनोद यादव कुर्मी क्षत्रिय समाज के पूर्व अध्यक्ष श्री गोपाल प्रसाद सनोदिया श्री मंटू दुबे श्री पियूष शाह श्री सुरेंद्र करोसिया पूर्व पार्षद श्री अशोक अकेला श्री नितिन मिश्रा श्री सुरेश दुबे श्री शंकर लाल साहू एवं श्री अशोक सुब्बाराव वह पवार परिवार के समस्त सदस्यों सहित अनेक लोग सम्मिलित रहे।

पूरी शोभायात्रा के दौरान नगर निरीक्षक श्री किशोर बामनकर अपने दलबल के सहित उपस्थित रहे।

# जिला आदिवासी कांग्रेस जीवन सत्याग्रह आंदोलन आज

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय उईके ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने वन विभाग द्वारा लगातार आदिवासी परिवारों को प्रताड़ति करने की खबरे आए दिन मीड़यिा में आती रहती है, खातेगांव में वन विभाग द्ववारा, आदिवासी परिवारों को बरसात के मौसम में घरों को तोड़कर बेदखल करना। बुरहानपुर में आदिवासी वर्ग के पट्टे निरस्त कर वन भूमि से बेदखल करना, जिला सिंगरौली में आदिवासियों के घर तोड़ना,, मंडला में नक्सलवाद के नाम पर निर्दोष आदिवासी की हत्या, उमरिया में वन विभाग द्ववारा आदिवासी वर्ग पर अत्याचार, सरकार द्ववारा विकास के नाम आदिवासियों का विस्थापन कर भूमि से बेदखल करना, लगातार इस प्रकार घटनाएं मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार सुनियोजित षड़यंत्र के तहत आदिवासियों के साथ अन्याय कर रही है। जिसके विरोध में जिला आदिवासी कांग्रेस जीवन सत्याग्रह आंदोलन भाजपा सरकार में आदिवासी सुरक्षित नहीं है।

सिवनी जिले में दिनांक 30 जून 2025 दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे धरना प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम, जिला कलेक्टर सिवनी के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर आदिवासी अधिकार एवं सुरक्षा की मांग करेंगे। समस्त कांग्रेस जनों से धरना प्रदर्शन में उपस्थिति की अपील है।

**सफलता की कहानी**

# खेत-तालाब से जल संरक्षण के साथ ही कृषि आय में भी होगी वृद्धि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश शासन की मंशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण को बढावा देने एवं किसानों को भी सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिवनी जिले में बडी संख्या में मनरेगा योजनांतर्गत खेत तालाब निर्माण का कार्य कराया गया है। वर्तमान में भी कई खेत तालाब निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। खेत तालाब निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से वर्षा के जल का संचय हो सकेगा। जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलने के साथ-साथ मछली पालन एवं कमल तथा सिंघाडे



आदि की खेती जैसी गतिविधियों के लिए भी विकल्प की सुविधा मिल सकेगी वहीं ये तालाब भू-जल स्तर को बढाने में भी सहायक होंगें।

ऐसी ही कहानी ग्राम पंचायत बिहिरिया के दिनेश माधव कुमरे की भी है। जिनके खेत में खेत तालाब निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया। पूर्व में संबंधित हितग्राही की आर्थिक स्थिति उतनी सुदृढ नहीं थी। हितग्राही के पास लगभग तीन एकड बर्रा जमीन है किंतु पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें खेती हेतु वर्षा पर ही निर्भर रहना पडता था। परिवार में 05 सदस्य है वे सभी इतनी ही जमीन पर वर्ष भर अपना भरण पोषण करते हैं अन्य आजीविका के परिवार के पास कोई साधन नहीं थे। तालाब बनने के पूर्व हितग्राही केवल बारिश आधारित फसल ही लगाते थे एवं अन्य समय पर अन्य कृषकों के खेतों में मजदूरी कार्य करते थें।

# भाजपा सिवनी में कान्हीवाड़ा मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति पर उठे सवाल, कार्यकर्ताओं में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व द्वारा सिवनी जिले के मंडलो मे हाल ही में की गई संगठनात्मक नियुक्तियों ने आंतरिक असंतोष को जन्म दे दिया है। काँहीवाड़ा मंडल अध्यक्ष पद पर इंद्रकुमार जंघेला की नियुक्ति को लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है। जंघेला पूर्व में मंडल महामंत्री के पद पर कार्यरत रहे हैं। हालांकि यह नियुक्ति पार्टी की आंतरिक प्रक्रिया के तहत की गई है, लेकिन कार्यकर्ताओं का आरोप है कि इंद्रकुमार जंघेला के विरुद्ध पूर्व में कई गंभीर आरोप लगे हैं, जिनमें पद के दुरुपयोग से लेकर पार्टी की गरिमा को ठेस पहुँचाने तक के मामले शामिल हैं।

### विवादों में घिरे रहे हैं नए अध्यक्ष

स्थानीय स्तर पर सक्रिय भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि जंघेला पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष के साथ मिलकर सहकारी समितियों के प्रबंधकों को धमकाने, पंचायत सचिवों से स्थानांतरण के नाम पर अवैध वसूली करने और संगठन की नीतियों के विरुद्ध कार्य करने जैसे गंभीर आरोप हैं। इन घटनाओं ने न केवल संगठन की छवि को नुकसान पहुँचाया है, बल्कि जमीनी कार्यकर्ताओं के मनोबल को भी प्रभावित किया है।

### निष्ठावान कार्यकर्ताओं में रोष

पार्टी के कई वरिष्ठ व सक्रिय कार्यकर्ताओं का मानना है कि इस तरह के विवादास्पद व्यक्ति को महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त करना, उन समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ अन्याय है, जो वर्षों से निःस्वार्थ भाव से संगठन के लिए काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि पार्टी के ₹पारदर्शिता और संगठनात्मक शुचिता₹ जैसे मूल सिद्धांतों की अनदेखी की जा रही है।

### नेतृत्व की चुप्पी से असंतोष गहरा रहा

अब तक भाजपा सिवनी जिला इकाई या प्रदेश नेतृत्व की ओर से इस विवाद पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। कार्यकर्ताओं की मांग है कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व को इस नियुक्ति पर पुनर्विचार करते हुए जांच-पड़ताल कर स्पष्ट स्थिति रखनी चाहिए, अन्यथा यह असंतोष आने वाले चुनावों में संगठन के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

### भविष्य पर पड़ सकता है असर

स्थानीय कार्यकर्ताओं का स्पष्ट कहना है कि यदि ऐसे व्यक्तियों को संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ सौंपी जाती रहीं, जिनका अतीत विवादों से जुड़ा हो, तो इससे पार्टी की साख व लोकप्रियता को गंभीर नुकसान पहुँच सकता है। उनका यह भी मानना है कि काँहीवाड़ा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में संगठन को मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता है, न कि ऐसा नेतृत्व जो स्वयं ही विवादों में घिरा हो।

# सोमा उईके, मध्य प्रदेश की बेटी जिसने मन की बात में जीता प्रधानमंत्री का दिल





**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में सुमा उईके के काम को सराहा**
**कटंगी विकासखंड के ग्राम भजियापार की सुमा उईके मशरूम उत्पादन और थर्मल थेरिपी से आय अर्जित कर रही हैं**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 123 वें संस्करण में मध्य प्रदेश की एक प्रेरणादायी महिला, सोमा उईके, की कहानी को देश के सामने प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम, जो आकाशवाणी, दूरदर्शन और विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों पर प्रसारित हुआ, ने सोमा उईके के साहस, समर्पण और सामाजिक बदलाव के प्रति उनके योगदान को राष्ट्रीय मंच पर उजागर किया।

बालाघाट

सोमा उईके, मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के कटंगी विकासखंड के एक छोटे से गाँव भजियापार की निवासी, ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से न केवल अपने समुदाय बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल कायम की है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि सोमा ने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के माध्यम से सैकड़ों महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, "सोमा उईके जैसी महिलाएँ भारत की असली ताकत हैं।

मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के कटंगी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भजियापार की सुमा उइके जो कि आदिवासी बाहुल्य ग्राम में रहने वाली अपने परंपरागत रीतिरिवाज में जीवन यापन करती थीं और अपने घर गृहस्थी के कार्यों में रहा करती थीं। सुमा उइके ज्यादा पढ़ी-लिखी नहीं है । इस कारण से अपने ग्राम और घर के कार्यों में अपना समय व्यतीत करती थीं। किन्तु पिछड़े ग्राम में होने के कारण उन्हें परिवार के सदस्यों द्वारा घर से बाहर निकलने नहीं दिया जाता था। ऐसे में उन्हें आजीविका मिशन के कर्मियों द्वारा स्व-सहायता समूह के बारे में ग्राम में जानकारी दी गई। सुमा दीदी ने अपने आस-पास के परिवारों की महिलाओं को एकत्रित कर आदिवासी आजीविका विकास स्व-सहायता समूह बनाया जिसमे वह अध्यक्ष भी बनी। समूह संचालन के साथ बचत जमा करने पर उन्हें राशि की बचत करने का एक रास्ता नजर आया।

आजीविका मिशन के ग्राम नोडल द्वारा समूहो की बैठक में समूह से जुडी महिलाओं को मिलने वाले लाभों के बारे में बताया । जैसे कृषि एवं पशु पालन का प्रशिक्षण, व्यवसायिक प्रशिक्षण, नए व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए लोन की जानकारी आदि। सुमा दीदी ने आर-सेटी (RSEETI ) से आर्गेनिक मशरूप उत्पादन का प्रशिक्षण लिया एवं साथ ही CTC में पशुपालन का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। सुमा दीदी समूह से जुड़े होने के कारण आजीविका मिशन से अवसर की तलाश मे थी और प्रशिक्षण मिलने पर सर्वप्रथम रिवाल्विंग फंड की राशि 2000 लोन पर लेकर अपने ही घर पर आयस्टर मशरूम की खेती वर्ष 2021 मे प्रारंभ किया। जिसे उन्होंने एक वर्ष तक लगातार किया और अपने ग्राम स्तर पर एक आजीविका का साधन बनाया । नियती को कुछ और ही मंजूर था। लॉकडाउन लगने पर मशरूम की बिक्री कम होने पर यह खेती बंद करना पड़ा। किन्तु आगे उन्हे अपना किसी भी प्रकार का कार्य प्रांरभ करने की लगन थी। सुमादीदी को उनके भाग्य ने एक बार और मौका दिया । उन्हें जनपद पंचायत कटंगी परिसर में दीदी कैंटीन संचालन करने का अवसर मिला । जिसे उन्होने वर्ष 2022 के मध्य में प्रारंभ किया। कैंटीन संचालन करते हुए सुमा दीदी ने अपने परिवार की आजीविका को बढ़ाने में फिर एक बार सफलता हासिल की। कैंटिन से प्रतिमाह सुमा दीदी को लगभग 8000 रुपये की आय होने लगी । कैटिन में कार्य को देखते हुए उसने अपने समूह की ही एक सदस्य को रोजगार दिया । जिससे उस सदस्य को भी प्रतिमाह 3000 का रोजगार प्राप्त हुआ।

सुमा दीदी आशावादी व आत्मविश्वासी होने के कारण उन्हें कुछ बड़ा करने का सपना हमेशा प्रेरित करता रहता था। अब सुमा उइके अपने परिवार के लिए निरंतर आजीविका गतिविधि को प्रारंभ करना चाहती थीं। अपनी जिज्ञासा के कारण उसे थर्मल थैरेपी के बारे में पता चला और उसने थर्मल थैरेपी सेंटर प्रारंभ करने का ठान लिया। इस कार्य को करने के लिए अधिक पूंजी की आवश्यकता थी।आजीविका मिशन से जुड़े होने के कारण उन्हें बैंक से मुद्रा लोन व्यक्तिगत प्राप्त होने की जानकारी मिली। सुमा दीदी के समूह का बचत खाता जिस बैंक में संचालित था उसी बैंक समूह का लेन-देन अच्छा होने पर 06 लाख रुपए का मुद्रा लोन स्वीकृत किया गया था। जिससे सुमा उइके ने थर्मल थेरिपी का पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर विकासखण्ड कटंगी में आजीविका थर्मल थेरिपी सेंटर का प्रारंभ किया। जिससे उसे प्रतिमाह 11 हजार रुपये की आमदनी होने लगी। थर्मल थेरिपी में काम की अधिकता होने पर एक बेरोजगार प्रशिक्षित युवती को भी रोजगार उपलब्ध करवाया। सुमा बताती हैं कि मिशन से जुड़कर मुझे अपनी आजीविका में वृदिध करने का अवसर प्राप्त हुआ और में मिशन से जुड़कर बहुत खुश हूँ। सुमा उइके ने पिछड़े ग्राम में रहकर व परिवार के साथ एक नया मुकाम हासिल किया है जो अन्य समूह की महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई।

सुमा उईके की इन दोनो गतिविधियों से जुड़ने से आय लगभग 19 हजार रुपए मासिक हो गई है । साथ ही उसके परिवार की आय में भी वृद्धि हुई जो बढ़कर 32 हजार रुपए मासिक हो गई है। इस प्रकार सुमा के द्वारा मिशन के कार्यों में सहयोग प्रदान किया जा रहा है । साथ ही ग्राम कि दीदीयों को समूह से जुड़ने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। ताकि महिलाए स्वयं आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से सशक्त बनकर परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधार सकें ।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात सुनी भाजपा कार्यकर्ताओं ने

**वारासिवनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने कृषि उपज मंडी वारासिवनी में एलईडी स्क्रीन पर देखा व सुना। कार्यक्रम के पूर्व भाजपा नेताओं व मंडल के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भाजपा के नगर के सभी बूथ कमेटी अध्यक्षों और मंडल के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सामूहिक रूप से देखा और अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तस्वीरें सरल ऐप और पार्टी के व्हाट्सएप ग्रुप में अपलोड की। यह आयोजन प्रधानमंत्री के विचारों को ग्रास रूट स्तर तक पहुँचाने और पार्टी कार्यकर्ताओं में एकजुटता व समन्वय बढ़ाने का एक सफल प्रयास रहा। कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्वक कृषि मंडी वारासिवनी में ही हुआ। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात किया। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष स्मिता जयसवाल, महामंत्री सुनील पिपरेवार, श्रीमती निर्मला पटले, पार्षद मदन धार्मिक पार्षद ललिता लोकेश ठाकरे, पार्षद दीपा प्रवीण रूसिया,किरण शर्मा, आलोक खरे, मयंक मिश्रा, मिथिलेश बुरडे, जगदीश नेमा, अमन खोसला, मनीषा पिपरेवार, रितु आलोक खरे, सुनील जायसवाल, योगेंद्र मोनू लिमजे, हर्षित रेड्डी, आकाश चौबे, संजय गुप्ता, विजय सुराना, संतोष शिव, हितेंद्र पात्रे, गिरधारी चिमनानी, रविकांत गोखले, अशोक पात्रे, सुनील विश्वकर्मा, राहिल खान, विनय सुराना, प्रवीण रूसिया, प्रीति संतोष शिव, लोकेश ठाकरे, रामदयाल पात्रे, मुकेश पखाले, पप्पू लालवानी, वरुण त्रिवेदी, श्रीकांत सेंदरे, साधु चिमनानी, हरिओम जोशी, देवेंद्र राठौर, शुभम मोंटू जैन, मनीष बुरडे, बालू जैवार, बाली देशपांडे, मनोज लिल्हारे, साधु चिमनानी, सौरभ जैन, अमूल इंगले, सुभाष पारधी, लक्ष्मी नारायण डेकाटे समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रेडियोग्राफर एवं लेब टेक्नीशियन पदों की काउंसलिंग 1 जुलाई से

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा वर्ष 2024 (समूह-5) के अंतर्गत पद कोड-01 रेडियोग्राफर एवं पद कोड-02 लेब टेक्नीशियन के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इन पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन एवं नियुक्ति की प्रक्रिया के लिये काउंसलिंग 1 जुलाई से प्रारंभ की जा रही है। परीक्षा में उत्तीर्ण समस्त अभ्यर्थियों को काउंसलिंग संबंधी सूचना मोबाइल नंबर एवं ई-मेल पते पर भेजी जाएगी। काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं समय-सारणी स्वास्थ्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे समय पर एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित काउंसलिंग स्थल पर उपस्थित रहें, जिससे उनकी नियुक्ति प्रक्रिया में कोई असुविधा न हो।

## पी.एम.श्री विघालयों के शिक्षकों ने लिया 21 वीं सेन्चुरी और सिटीजन स्किल्स का प्रशिक्षण



बालाघाट

संचालक, राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान भोपाल निर्देशानुसार, कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवंजिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन में पी.एम.श्री. विद्यालयों के शिक्षकों का 21 वीं सेंचुरी स्किल्स एवं सिटीजनशिप स्किल्स पर आधारित 05 दिवसीय प्रशिक्षण डाईट बालाघाट में सम्पन्न हुआ।

राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती माधुरी चौकसे, श्री मनोज मेश्राम, श्री परमानंद टेम्भरे, श्री श्यामकरण पटले द्वारा बालाघाट जिले के कुल 400 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया । श्री नरेश प्रसाद मलगाम प्राचार्य डाईट, श्री के.डी.तितरमारे प्रशिक्षण प्रभारी, श्री सजल मस्की प्रशिक्षण सहायक, श्री श्रृद्धानंद भालाधरे, तकनीकी सहायक द्वारा इस प्रशिक्षण की व्यवस्था संबंधी कार्य किया गया।

प्राचार्य,डाईट श्री एन.पी.मलगाम ने बताया कि बालाघाट जिले के 23 पी.एम.श्री. विघालयों के कुल 400 शिक्षकों को इन कौशलों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को जाकर विकसित करना होंगा तभी इस प्रशिक्षण की सार्थकता सिद्ध होगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षा में अंतराष्ट्रीय मानकों को लाना व एन.ई.पी. 2020 के तहत भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में दक्ष बनाना होगा। जिससे देश को विकास के पथ पर ले जाने में हिस्सेदारी निर्वहन होंगी।

## 30 जून को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्त्कर्ष अभियान एवं पी.एम. जनमन अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम

**बालाघाट।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्त्कर्ष अभियान एवं पी.एम. जनमन अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर आयोजन सांदीपनि विद्यालय प्रागंण परिसर बालाघाट में किया गया है। इस कार्यक्रम में 01 अप्रैल 2025 से प्रारंभ कर तीन माह तक चले जल गंगा संवर्धन अभि यान का समापन भी किया जायेगा। बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक श्री गौरव पारधी, श्री राजकुमार कर्राहे, श्रीमती अनुभा मुंजारे, श्री विवेक(विक्की) पटेल, श्री मधु भगत, श्री संजय उईके एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगें। यह जिला स्तरीय कार्यक्रम दिनांक 30 जून 2025 को प्रातः 10.30 बजे से सांदीपनि विद्यालय प्रागंण परिसर बालाघाट में आयोजित होगा। **जल संरक्षण कार्यों में बालाघाट प्रदेश के टाप 10 जिलों में शामिल-** जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान मनरेगा योजना के अंतर्गत खेत तालाब, अमृत सरोवर और कूप रिचार्ज पिट बनाने वाले प्रदेश के टॉप 10 जिलों में खंडवा, बालाघाट, रायसेन, उज्जैन, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, राजगढ़, अशोकनगर, बैतूल और मंडला जिले शामिल हैं।

## न्यायिक आवासीय परिसर में किया गया पौधारोपण




बालाघाट

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन एवं मुख्य आतिथ्य में न्यायिक आवासीय परिसर बालाघाट में 29 जून को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री पद्मेश शाह, विशेष न्यायाधीश(एट्रोसिटी) श्री रघुवीर प्रसाद पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मनीष सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीश शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती तारा मार्को, श्री अविनाश छारी, श्री ऋषभ डोनल, श्रीमती शिखा शर्मा, श्रीमती शीनी जैन, श्री शुभम जैन, श्री देवांश यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे एवं न्यायिक कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा न्यायिक आवासीय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भी परिसर में फलदार एवं छायादार पौधो को लगाया गया।





## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने की छापामार कार्यवाही खाद्य सामग्री के 12 नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गये





**हरिभूमि, बालाघाट।**

आम जन को मिलावट रहित एवं गुणवत्ता युक्त सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच की जा रही है। इसी कड़ी में 29 जून को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने नगरीय क्षेत्र बालाघाट में खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्यवाही कर 12 नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भोपाल भेजे है।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग बालाघाट द्वारा 29 जून को बालाघाट शहर के बैहर रोड स्थित कायनात होटल, होटल ताज दरबार एवं कादरी बिरयानी रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया एवं उपयोग किए हुए खाद्य तेल के नमूने जांच के लिए एकत्र किये गए । इसके साथ ही मिर्च, गरम मसाला, हल्दी आदि के नमूने भी जांच के लिए एकत्र किये गये है। इस प्रकार विभिन्न खाद्य सामग्री के कुल 12 नमूने लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल जांच के लिए भेजे गए हैं । निरीक्षण के दौरान कायनात होटल में अस्वच्छता, अनहाइजीनिक स्थिति एवं अस्त-व्यस्त रखरखाव तथा गंदगी के कारण उसे इन सबमें सुधार करने के लिए नोटिस जारी किया गया है और नियत समय सीमा में व्यवस्थायें ठीक करने के निर्देश दिये गये है। अन्यथा कायनात होटल के संचालक के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी । प्रयोगशाला जांच में खाद्य सामग्री के नमूने अमानक पाये जाने पर संबंधित विक्रेता एवं निर्माता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। 29 जून की इस कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वाजिद मोहिब एवं योगेश कुमार डोंगरे उपस्थित थे।

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass & Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस माईनिंग सिविल इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT I BMLT BHN I DMLT I DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA I MCA B.SC. I M.SC. DCA I PGDCA
COMMERCE •B.Com •M.Com
NURSING GNM I B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111